संख्या पीईआर (एपी)–सी–बी(12)–3/2015
हिमाचल प्रदेश सरकार
कार्मिक विभाग (नियुक्ति–III)

दिनांक शिमला–171002, 17 अप्रैल, 2017

प्रेषक

अतिरिक्त मुख्य सचिव (कार्मिक)
हिमाचल प्रदेश सरकार।

प्रेषित

1. समस्त प्रशासनिक सचिव,
   हिमाचल प्रदेश सरकार।
2. समस्त मण्डलायुक्त,
   हिमाचल प्रदेश।
3. समस्त उपायुक्त,
   हिमाचल प्रदेश।
4. समस्त विभागाध्यक्ष,
   हिमाचल प्रदेश।
5. हि0प्र0 के सभी बोर्डो निगमों एवं सार्वजनिक उपक्रमों इत्यादि के अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/सचिव तथा पंजीयक आदि।

विषयः– स्वतन्त्रता सेनानियो के आश्रितों के बैकलॉग को भरने बारे विशेष भर्ती अभियान।

महोदय,

आपका ध्यान कार्मिक विभाग के पत्र संख्याःपर(एपी–II)डी (2)–10/83, दिनांक 16.10.1984 की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके अनुसार राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश के स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों को सीधी भर्ती में राज्य सरकार के अधीन विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों आदि में श्रेणी–I, II, III व IV के सभी पदों/सेवाओं में 2 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है।

2. सीधी भर्ती में स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों के बैकलॉग पदों को भरने बारे मामला पिछले कुछ समय से सरकार के विचाराधीन था। राज्य सरकार ने स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों को आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने हेतु इस वर्ग के बैकलॉग को विशेष भर्ती अभियान द्वारा भरने का निर्णय लिया है। अतः इस सदंर्भ में सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग/विभागाध्यक्ष इस वर्ग के

पृ02...

बैकलॉग पदों को भरने बारे त्वरित कार्रवाई कर, समयवद्ध समस्त वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण कर इस विभाग को अनुपालना रिपोर्ट भेजें।

भवदीय,

(तरूण श्रीधर)
अतिरिक्त मुख्य सचिव (कार्मिक)
हिमाचल प्रदेश सरकार।
दूरभाष 0177-2622382

पृष्ठांकनसं0ःपीईआर(एपी)-सी-बी(12)-3/2015 दिनांक शिमला-2 17 अप्रैल, 2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः-

1. सचिव, राज्यपाल, राज्यपाल सचिवालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2
2. सचिव, हिमाचल प्रदेश विधानसभा, विधानसभा सचिवालय, शिमला-4
3. पंजीयक, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, शिमला-1
4. विशेष सचिव (सामान्य प्रशासन) हिमाचल प्रदेश सरकार को मंत्रीमण्डल की दिनांक 30.03.2017 को हुई बैठक की मद संख्या-17 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
5. सचिव, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, शिमला-2
6. सचिव, हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग, हमीरपुर।
7. समस्त अनुभाग अधिकारी, हिमाचल प्रदेश सचिवालय, शिमला-2

(ओ0पी0 भंडारी)
अवर सचिव (कार्मिक)
हिमाचल प्रदेश सरकार।
दूरभाष 0177-2628499

*****